तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024

13 सुख शान्ति के लिए महिलाओं ने की शीतला माता की पूजा-अर्चना



14 बजरंग दल ने राहुल गांधी की निकाली शवयात्रा, फूंका पुतला





स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
मोबा. 9340751120, 9131330801, 7869622725
पता: राछाभाठा (नवागढ़) जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

## खबर संक्षेप

### बेकाबू रफ्तार से सड़क हादसों में इजाफा

**भाटापारा।** कही न कही तेज रफ्तार वाहन चलाने से सड़क दुघर्टना में दुघर्टना व मृत्यु दर में वृद्धि को स्पष्ट करता है। युवाओं की शौक ही उनके मौत को निमंत्रण दे रही है। बिते कुछ दिन से तेज़ रफ़्तार बाइक चलाने से दर्जनों हादसे देखने को मिले हैं, जिसका दूसरा कारण नशे में बाइक चलाना रहा है। कम उम्र में ही भाटापारा नगर के रामसागर वार्ड के 17 वर्ष के युवक देवेश की मृत्यु होने का कारण नशा व तेज रफ्तार बाइक चलाना रहा। वहीं कुछ दिन पहले ही सिटी सेंटर माल के पास भी तीन युवक रफ्तार के मदहोश में ट्रक में जा घुसे और गंभीर दुर्घटना के कहर में समा गए।परिजनों को भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यक है। कहीं न कहीं परिजनों की व्यस्तता व बच्चों के आचरणों को नजरंदाज करना महंगा पड़ सकता है और परिणाम में सब कुछ खोना पड़ता है। एसी दुर्घटना में कई बेकसूर जाने भी चली जाती है, जिनकी सड़क दुघर्टना में कोई ग़लती नहीं होती और ऐसे ▸▸ शेष पेज 13 पर

### भीम आर्मी चीफ और सांसद चंद्रशेखर ने ली सभा में किया आह्वान

# बलौदाबाजार कलेक्टोरेट हिंसा में भी भीम आर्मी निर्दोष, अन्याय नहीं होगा : सांसद

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव**

नगर पंचायत भटगांव में भीम आर्मी चीफ और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद की जनसभा में पहुंचे भीम आर्मी एवं सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने उनका ताली बजाकर जोशीला स्वागत किया। इसी दौरान भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े के पिता जब अपने बेटे का दर्द बता कर रोने लगे और कहा की वह निर्दोष है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, तब उनके आंसू पूछते हुए भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि क्रांतिकारी नेताओं के पिता रोते नहीं हैं। मैं आपसे वादा करता हूं आपके बेटे के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। किसी के साथ भी आर्मी के अन्य पदाधिकारी जो बलौदाबाजार हिंसा और आगजनी कांड में जेल में बंद है, उनके परिजनों से एक–एक कर मुलाकात की और वादा किया कि उनके बेटे के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।





### भीम आर्मी चीफ ने सीएम से मांगा जवाब

भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जवाब मांगा। उन्होंने मंच के माध्यम से कहा कि निर्दोषों को कब तक इस प्रकार से बचाते रहेंगे। अगर आप सच है तो सीबीआई जांच करवाइए। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। हमें जवाब चाहिए, हमारे लोग जो बाबा गुरु घासीदास को मानने वाले हैं, शांति का प्रतीक है, उन पर कार्रवाई क्यों की जा रही है । जब से अमर गुफा को क्षतिग्रस्त किया है तब से सतनामी समाज द्वारा न्याय की गुहार लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की जा रही थी, लेकिन माह बीत जाने के बाद भी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया, इसके बाद आंदोलन करना पड़ा। उसे आंदोलन में सतनामी समाज की आड़ में असामाजिक तत्वों ने जो तोड़फोड़ की है वह निंदनीय है, लेकिन जो सच में आरोपी है उन पर कार्रवाई करें और निर्दोषों को बिना शर्त रिहा करें।

### सरकार दोषियों को बचा रही

इससे पहले चंद्रशेखर ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से भी मुलाकात की। इसके बाद मीडिया से चंद्रशेखर ने कहा कि, बलौदाबाजार की घटना निंदनीय है। मैं भी यह मांग करता हूं कि उसमें सख्त कार्रवाई हो, लेकिन जिन्होंने अपराध किया है, उनके ऊपर ही हो। अपराध तब तक साबित नहीं होता है, जब तक उसकी जांच न हो। ▸▸ शेष पेज 13 पर

## 30 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर**

गिधपुरी थाना अंतर्गत ग्राम जुनवानी में पुलिस ने अवैध रूप से शराब विक्रय करते आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी नरेश दीवान को सूचना मिली की ग्राम जुनवानी में उभे लाल पिता गोकुल डहरिया 58 साल अपने घर के सामने भारी मात्रा में शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी के पास 30 पौवा ▸▸ शेष पेज 13 पर

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**



## खबर संक्षेप



### कमल विहार में हुआ उपनयन संस्कार कार्यक्रम

**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग रायपुर परिवार द्वारा कमल विहार में बुधवार को उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी ब्रम्हचारी शिवतेज एवं स्वामी सच्चिदानंद द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सभी पुरुष, महिलाएं, 10 वर्ष की आयु से अधिक के बच्चों के लिए किया गया। साथ ही संध्यावंदन (वैदिक मंत्र एवं उच्चारण) का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में रचना चतुर्वेदी, राजगोपाल, परेश पटेल, नीति मिश्रा, शशि दुबे आदि शामिल थे।

### महाराष्ट्र मंडल का शपथ ग्रहण समारोह 6 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा 6 जुलाई को भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा 14 सदस्यीय कार्यकारिणी के अलावा विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों और महिला केंद्रों की संयोजिका-सह संयोजिकाओं को शपथ दिलाएंगे। साथ ही महाराष्ट्र मंडल के भावी महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 16 कमरों के निर्माण का शिलान्यास भी किया जाएगा। यह जानकारी महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा के आने की संभावना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन सहित मंडल के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### संतोष हाल में रचना पाठ स्पर्धा 6 को

**रायपुर।** वक्ता मंच द्वारा 6 जुलाई को शाम 5 बजे मेग्नेटो माल के थर्ड फ्लोर में स्थित संतोष हाल में रचना पाठ स्पर्धा होगा। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया कि इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को 4 मिनट की अवधि में स्वरचित कविता, कहानी, लघुकथा, गीत, गजल, हास्य या व्यंग्य की प्रस्तुति देनी होगी। साहित्य की विभिन्न विधाओं व उनके रचनाकारों को एक साथ एक मंच में प्रस्तुत करने का यह अनूठा प्रयास होगा। स्पर्धा में किसी भी आयु समूह के रचनाकार सम्मिलित हो सकते है। इच्छुक कलाकार निर्धारित तिथि व समय पर 15 मिनट पूर्व सीधे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है, विलंब से आने पर स्पर्धा में प्रवेश नहीं मिलेगा। वक्ता मंच द्वारा समस्त साहित्य प्रेमियों को इस अवसर पर आमंत्रित किया जा रहा है।

### बीएसएनएल उपभोक्ता सायबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर में करें शिकायत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर के मुख्य महाप्रबंधक ने बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को सचेत रहने और सावधानी बरतने को कहा है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही है कि कुछ उपभोक्ताओं को केवाईसी अपडेट संबंधित वाट्सएप संदेश आ रहे हैं। यह संदेश भ्रामकहै। इसे धोखाधड़ी की मंशा से भेजे जा रहे हैं। क्योंकि, बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को केवाईसी अपडेट के लिए वाट्सएप संदेश नहीं भेजता है। इन संदेशों का बीएसएनएल से कोई संबंध नहीं है। जिन उपभोक्ताओं को ऐसा कोई भ्रामक संदेश मिला है तो वे सायबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या चक्षु पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। संदेश में दर्ज नंबर पर कॉल ना करें, ना ही किसी लिंक पर क्लिक करें। किसी भी उपभोक्ता के पास केवाईसी दस्तावेज, यूजर आईडी, पासवर्ड, डेबिट कार्ड संख्या, पिन, सीवीवी, ओटीपी आदि को अपडेट या सत्यापित करने संबंधित ई-मेल, मैसेज में एंबेडेड लिंक, कॉल आते हैं तो कभी भी इनका उत्तर ना दें। बीएसएनएल का कॉल सेंटर टोल-फ्री नंबर 1503 एवं 1800-180-1503 हैं। अन्य किसी नंबर पर कॉल-सेंटर संचालित नहीं है। इसलिए कोई भी उपभोक्ता अन्य किसी नंबर पर कॉल सेंटर समझ कर कॉल ना करें। अधिक जानकारी के लिए बीएसएनएल के नजदीकी उपभोक्ता सेवा केंद्रों में संपर्क करें।

# अब पांच की जगह चार यूनिट, बड़े बदलाव नहीं, पुराने पाठ्यक्रम को ही बांटा आठ सेमेस्टर में

## नया सिलेबस जारी, कला से लेकर वाणिज्य और विज्ञान संकाय में भी केवल आंशिक परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर


महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में अब पांच की जगह मात्र चार ही यूनिट होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नया सिलेबस जारी कर दिया गया है। राजभवन से मंजूरी मिलते ही इसे विश्वविद्यालयों को उपलब्ध करा दिया गया है। कुछ दिनों के अंतराल में इसे महाविद्यालयों को प्रेषित कर दिया जाएगा।

सिलेबस का अध्ययन करने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि पाठ्यक्रम में अधिक बदलाव नहीं किए गए हैं। पुराने सिलेबस को ही आठ सेमेस्टर में विभाजित कर दिया गया है। मंगलवार को राजभवन से सिलेबस को मंजूरी मिलने के बाद इसे उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालयों को उपलब्ध करा दिया गया है।

विश्वविद्यालयों से कहा गया है कि वे महाविद्यालयों को इसे शीघ्र ही प्रेषित कर दें। मौजूदा सप्ताह में सभी शासकीय और निजी महाविद्यालयों को सिलेबस उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके बाद महाविद्यालयों में अध्ययन कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके पूर्व शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, कक्षाएं एक जुलाई से प्रारंभ की जानी थी, लेकिन सिलेबस उपलब्ध नहीं होने के कारण महाविद्यालयों ने जुलाई के दूसरे पखवाड़े से कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया।

### केवल विस्तार अथवा घटाव

वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय के इतर कला संकाय के विविध विषय, जिनमें बदलाव अथवा नए प्रयोग की संभावना थी, उनमें भी विशेष बदलाव नहीं हुए हैं। पूर्व से ही पाठ्यक्रम का हिस्सा रहे टॉपिक्स को ही या तो विस्तार दिया गया है अथवा उन्हें घटाया गया है। इसके अतिरिक्त अधिक बदलाव नहीं हुआ है। प्रत्येक विषय में एक-दो टॉपिक ही अतिरिक्त रूप से जोड़े गए हैं। अधिकतर में यह बदलाव भी नहीं किया गया है। केवल परीक्षा प्रणाली में ही बदलाव मुख्य है। चूंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति मौजूदा सत्र में सिर्फ प्रथम वर्ष में ही लागू होगी, इसलिए फिलहाल प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर के ही सिलेबस तैयार किए गए हैं। शेष के लिए अभी इंतजार करना होगा।



### जल्दबाजी में फैसला

इसे जल्दबाजी में लागू किया गया है। इस कारण सिलेबस में अधिक बदलाव दिखाई नहीं दे रहा है। इसमें कई तरह के बदलाव की संभावना है।

*- डॉ.देवाशीष मुखर्जी*
*प्राचार्य, महंत कॉलेज*

## उरला हेल्थ सेंटर का मामला, मंगलवार को हुआ था हंगामा

# दो नवजात की मौत के मामले में एक्शन, महिला डाक्टर बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

लापरवाही की वजह से दो नवजात की मौत के मामले में शासन ने तत्काल एक्शन लिया है। उरला शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक को बर्खास्त कर दिया गया है। मंगलवार को दो बच्चों की मौत के मामले में हेल्थ सेंटर में स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया था और चिकित्सकीय स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए थे।

जानकारी के अनुसार इस मामले की जानकारी होने पर सीएमएचओ ने तीन डाक्टरों की कमेटी बनाकर जांच के लिए उरला भेजा था। समिति ने जांच के बाद बुधवार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी, जिसे शासन को भेज दिया गया था। शासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित संचालनालयों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक ने संविदा आधार पर सेवा देने वाली महिला चिकित्सक डॉ. पूनम सरकार को बर्खास्त कर दिया है। उस पर सोनी साहू के प्रसव के दौरान गंभीर लापरवाही करने का आरोप लगाया गया था। महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे रेफर करने की मांग करते रहे, मगर महिला चिकित्सक ने ऐसा नहीं किया, जिसकी वजह से डिलीवरी के दौरान बच्चे की मौत हो गई। महिला को किसी तरह आंबेडकर अस्पताल लाया गया तब उनकी जान बच सकी। इसके पूर्व एक अन्य नवजात ने भी वहां सामान्य डिलीवरी करवाने की जिद की वजह से जान गंवाई थी। इसे लेकर कल दिनभर स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा चलता रहा। मितानिनों के साथ परिवार वालों ने भी वहां काफी देर तक हल्ला मचाया था।


उरला हेल्थ सेंटर में लापरवाही ने ली नवजात की जान, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में डाक्टर तथा चिकित्सकीय स्टाफ की लापरवाही से नवजात की

■ प्रभारी चिकित्सक

### प्रभारी निलंबित

इस मामले में स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सुनील साहू को भी निलंबित कर दिया गया है। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में इसे भी इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था। डॉ. सुनील साहू के खिलाफ स्वास्थ्य संचालनालय स्तर पर कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान वे संभागीय संयुक्त संचालक के कार्यालय में रहेंगे और बिना सूचना के मुख्यालय छोड़कर नहीं जाएंगे।

### सालभर पहले गुढ़ियारी में हुई थी कार्रवाई

इसी तरह की लापरवाही सालभर पहले गुढ़ियारी अस्पताल में भी सामने आई थी। उस दौरान बड़े अस्पताल के लिए रिफर करने में देरी की वजह से जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी। प्रकरण में हमर अस्पताल में काफी हंगामा हुआ था, जिसके बाद वहां की महिला चिकित्सक को हटा दिया गया था। इसके बाद से वहां काफी दिनों तक डिलीवरी का काम बंद कर दिया गया था।

### खाने की समस्या का भी समाधान

स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होने वाले मरीजों को खाने की सुविधा भी कल से मिलने लगेगी। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि खाने की सप्लाई करने वाले ने पारिवारिक समस्या की वजह से खाना देना बंद कर दिया था। चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि मरीजों की अन्य समस्या का भी शीघ्र समाधान कर दिया जाए।

# पुरानी बस्ती से लाखेनगर मार्ग पर 8 डमी पुतले सहित 50 सामग्री की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दुकानों के सामने फैलाकर रखा सामान, ट्रैफिक जाम की समस्या
- चबूतरे को तोड़ा, गैस चूल्हा भी जब्त

राजधानी के विभिन्न मुख्य व्यावसायिक मार्गों पर स्थित दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से रखे गये सामान, ठेलों और गुमटियों के कारण वाहनों की पार्किंग में हो रही दिक्कत और ट्रैफिक जाम को दूर करने निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने पुरानी बस्ती से लाखेनगर मार्ग पर अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के बाहर रखे गये 8 डमी पुतले जब्त किये गये। टेबल, स्टैंड के साथ ही 50 सामग्री जब्त की गई।

दरअसल, शहर के अलग-अलग इलाकों में मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किये जा रहे कब्जों को रोकने तथा दुकानों के सामने पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश व निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर कटोरा तालाब से नेताजी होटल चौक तक सड़क मार्ग में अनाधिकृत रूप से रखे गये सामान की जब्ती की गई। इसी तरह पुरानी बस्ती से लाखे नगर चौक होते हुए एनआईटी तक मार्ग के दोनों ओर स्थित दुकानों के सामने बिना अनुमति के रखे गये सामान, बोर्ड, टेबलों एवं फल के कैरेट को जब्त किये जाने की कार्रवाई की गई। इस मार्ग पर स्थित दुकानों के बाहर बड़ी संख्या में अनाधिकृत सामान एवं ठेले, गुमटियां दुकान संचालकों द्वारा रखी गयी थीं।



### नेताजी हॉटल के सामने गैस चूल्हा जब्त

कटोरा तालाब चौक स्थित नेताजी होटल के संचालक द्वारा दुकान के बाहर गैस चूल्हा रखा गया था, जिसे निगम अमले ने जब्त किया। इसी क्षेत्र में सतगुरु मोबाइल के संचालक द्वारा दुकान के सामने अनाधिकृत रूप से चबूतरे का निर्माण कर विज्ञापन बोर्ड रखे गये थे, जिसे तोड़ा गया। निगम आयुक्त ने शहर के व्यावसायिक मार्गों पर पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे दुकानों के सामने रखे अनाधिकृत सामान एवं ठेलों, गुमटियों के खिलाफ दुकानदारों पर निरंतर कार्रवाई के निर्देश जोन कार्यालयों को दिये हैं।

**वृंदावन हॉल में संगीत संध्या कार्यक्रम कल :** रायपुर। मां आनदिंनी फाउंडेशन द्वारा शानदार सदाबहार गीतों से सजी सुरमई शाम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 5 जुलाई को शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी संस्था के संयोजक डा. वंदना ठाकुर और मीडिया प्रभारी संजय भवालकर ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में उम्दा गायक कलाकार एवं गायिकाओं द्वारा शानदार गायिकी एवं गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में कराओके जगत के कई कलाकार मौजूद रहेंगे।

# वायु सेना में भर्ती के लिए लगा सेमिनार, नियमों की दी गई जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यक विद्यालय सिमगा में भारतीय वायु सेना के लिए अग्निवीर योजना के तहत भर्ती के संबंध में कॅरियर कॉसलिंग सेमिनार का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तथा रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार संयुक्त प्रयास से किया गया।

इस अवसर पर भोपाल रिजन सर्जेन्ट आनंद राज एवं कारपोरल रोहित शर्मा, सहा. संचालक बी.आर पटेल, जि.शि.अधि. कार्यालय और जिला रोजगार कार्यालय से निशा जांगड़े उपस्थित रहे। स्वागत प्राचार्य सेजस आशीष कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

इसके बाद वायु सेना के अधिकारी द्वारा ऑनलाईन और ऑफलाईन सेना मे भर्ती हेतु योग्यताएं, आवश्यक तैयारी उसके लिए उम्र फार्म भरने की नियमावली उसके फायदे, शिक्षण संबंधी उपयोगिता भविष्य और वर्तमान आदि पर प्रकाश डाला गया। इसमें नई भर्ती 8 जुलाई से 28 जुलाई तक होना बताया गया। सभी के वक्तव्य के बाद अंत में उपस्थित छात्र, छात्राओं तथा शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए प्राचार्य शर्मा द्वारा सबका आभार प्रकट किया गया।

## तिल्दा जनपद सीईओ ने रोपे पौधे...



**बंगोली।** जनपद पंचायत तिल्दा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी, जयप्रकाश टंडन एसडीओ, मनरेगा पीओ निलकमल पटेल सहित सभी कर्मचारियों ने जनपद परिसर में फलदार, छायादार पौधों का रोपण किया।

# सेवानिवृत्त दो कर्मचारियों को दी विदाई

**बिलाईगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में गुरुवार को सेवानिवृत्ति पर दो कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव खंड चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सेवा निवित्त कर्मचारी घासीराम साहू और रामरतन यादव को विदाई के दौरान समारोह का आयोजन कर समान किया गया। इस विदाई समारोह में समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपस्थिति रहे।



# प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसी खीर और पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

शासकीय प्राथमिक शाला भवानीपुर में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पहली कक्षा में नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पुस्तकों का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पहली कक्षा के छात्रों द्वारा कविता पाठ एवं गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद भोजन व खीर पूरी सब्जी का वितरण किया गया। संकुल समन्वयक विष्णु फेकर ने कहा कि पालक बच्चों को समय पर स्कूल भेजें और उन पर निगरानी रखें। बरसात का मौसम है छोटे–छोटे बच्चे हैं स्वस्थ रहें जो बच्चे अभी तक एडमिशन नहीं हुए हैं पालक उनका एडमिशन करवाएं। इस अवसर पर प्रधान पाठक टंकार प्रसाद शर्मा और शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में बच्चे व ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्राथमिक और मिडिल स्कूल में संयुक्त रूप से मना प्रवेशोत्सव



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय असौंदा में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें और गणवेश वितरण किया गया। पुस्तक और स्कूली ड्रेस पाकर बच्चे खुश नजर आ रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुनिता चन्द्राकार, अध्यक्षता त्रिवेणी वर्मा, देवनारायण वर्मा, दशरथ हिरवानी, कुमार यादव, पुष्पा साहू, डिगेश्वरी साहू, सुशीला साहू, प्रमिला यादव उपस्थित थे। प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़ ने सभी छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने कहा और स्कूल एवं गांव का नाम गौरवान्वित करने अपील की। स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने बच्चों को नियमित स्कूल आने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करने पर जोर दिया।

**नो योर आर्मी का आयोजन 5 और 6 अक्टूबर को : रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को उनके निवास कार्यालय में थल सेना के ब्रिगेडियर अमन आनंद ने सौजन्य मुलाकात की। वे वर्तमान में भारतीय थल सेना के छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सब एरिया के कमांडर हैं। मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष छत्तीसगढ़ में आर्मी की आगामी कार्ययोजना के सम्बन्ध में चर्चा की। उन्होंने बताया की भारतीय थल सेना आगामी 5 और 6 अक्टूबर को रायपुर में नो योर आर्मी कार्यक्रम का आयोजन करेगी।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों का तबादला

**उमाशंकर अग्रवाल होंगे अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जो अधिकारी प्रभावित हुए हैं, उनमें शैलाभ कुमार साहू अपर कलेक्टर सारंगढ़ को उप सचिव मंत्रालय, लवीना पांडेय अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा को उप सचिव मंत्रालय में पदस्थ किया गया है।



यामिनी पांडेय गुप्ता रजिस्ट्रार रेरा को संयुक्त संचालक खेल एवं युवक कल्याण संचालनालय, उमाशंकर अग्रवाल सामान्य प्रशासन विभाग को अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर, पदुम लाल यादव उप संचालक प्रशासन अकादमी निमोरा को उपायुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय दुर्ग, उमेश कुमार पटेल संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव को अवर सचिव मंत्रालय, अरुण कुमार वर्मा, संयुक्त कलेक्टर कांकेर को रजिस्ट्रार रेरा, सुनील कुमार शर्मा संयुक्त कलेक्टर बस्तर को कुल सचिव कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि रायपुर, सुमन राज संयुक्त कलेक्टर रायपुर को संयुक्त कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, प्रदीप कुमार वैद्य संयुक्त कलेक्टर सूरजपुर को कांकेर, कैलाश प्रसाद वर्मा संयुक्त कलेक्टर बीजापुर को प्रबंधक नया रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण नया रायपुर, शीतल बंसल संयुक्त कलेक्टर बलोद को राजनांदगांव, बहादुर सिंह मरकाम डिप्टी कलेक्टर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को धमतरी, हितेश पिस्दा डिप्टी कलेक्टर गरियाबंद को दुर्ग, तरूणा साहू डिप्टी कलेक्टर बालोद को अवर सचिव मंत्रालय, रानू मैथ्यूज प्रबंधक नया रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण नया रायपुर को डिप्टी कलेक्टर बस्तर, रश्मि वर्मा सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय को उप संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा, अरविंद शर्मा सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय को उपायुक्त भू-अभिलेख नया रायपुर अटल नगर और महेश शर्मा डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ को बिलासपुर पदस्थ किया गया है।

# प्रवेश उत्सव पर हुआ न्योता भोज का आयोजन

**पलारी।** नये शिक्षा सत्र के साथ प्रदेशभर के स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पलारी ब्लॉक के ग्राम कोसमंदी में पूर्व माध्यमिक शाला, कन्या प्राथमिक शाला एवं विद्या मंदिर कोसमंदी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया, यहां आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में सरपंच, संकुल प्राचार्य एवं शाला विकास समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों ने नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया। इस अवसर पर महिला स्व सहायता समूहों द्वारा न्योता भोज का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सरपंच समेत स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चों ने एक साथ न्योता भोजन किया, जिसमें खीर, पूरी, भजिया, चॉकलेट एवं अतिरिक्त पोषण आहार दिया गया। इस अवसर पर पूनम सुरेंद्र वर्मा सरपंच, यू के नागवंशी प्राचार्य, ओसराम साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला, सीमा वर्मा प्र. पा. प्राथमिक शाला, जेएन वर्मा व्याख्याता, बीएल पटेल, आरके जलहरे, आभा घृतलहरे, कौशिल्या कन्नौजे, गौरी ठाकुर, गंगाराम साहू, श्यामरतन साहू, योगेश्वरी साहू, श्रीवासजी, पुरुषोत्तम साहू, देवेंद्र साहू व एसएमसी सदस्यगण एवं अभिभावक सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### ओलावृष्टि का मुआवजा अब तक नहीं मिला

**गिधौरी/सोनाखान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने मीडिया को बताया कि, विगत वर्ष ओलावृष्टि से वनांचल के सैकड़ो किसानों की फसल बर्बाद हो गई थी। विधायक के प्रयास से अधिकांश किसानों को मुआवजा राशि मिल चुकी है, परंतु कुछ ग्रामों के किसानों को अभी तक मुआवजा राशि अप्राप्त है, जिसकी जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष ने तहसीलदार सोनाखान, एसडीएम गिरौदपुरी, कलेक्टर बलौदाबाजार के साथ राजस्व मंत्री को लेटर हेड में दी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने बताया कि, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के माध्यम से हमने पूर्व में भी संबंधित विभाग को जानकारी दी थी और विभाग द्वारा शीघ्र ही मुआवजा राशि दिलवाने की बात कही गई थी, परंतु अभी तक अप्राप्त है। यदि माहभर के भीतर मुआवजा राशि प्राप्त नहीं होगी, तो वनांचल के किसानों द्वारा उग्र आंदोलन की जाएगा।

### कृषि क्षेत्र के समक्ष चुनौतियों से निपटने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी आवश्यक

**रायपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और धानुका एग्रीटेक लिमिटेड की ओर से रायपुर के आईजीकेवी प्रांगण में गत दिनों कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए आईसीएआर और अग्रणी कृषि-इनपुट कंपनी धानुका के विशेषज्ञों ने किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी जरुरी है। इसी दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) के उपकुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि, कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार पब्लिक-प्राइवेटपार्टनरशिप को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है। इस तरह से सहयोग से सरकारी और निजी संस्थाओं के संसाधन, विशेषज्ञता और नवीन समाधानएक ही जगह लाने में मदद मिलती है।

### एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षदों ने शहर में विगत कुछ माह से हो रही हत्या, मारपीट, चेन स्नेचिंग, अवैध शराब बिक्री और चाकूबाजी की घटना पर रोक लगाने की मांग को लेकर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। 6 बिंदुओं पर सौंपे गये ज्ञापन में अपराधी तत्वों के खिलाफ धरपकड़ की कार्यवाही तेज करने और चौक-चौराहों पर असमाजिक तत्वों के जमावड़े पर रोक लगाने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में सभापति प्रमोद दुबे, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग, सुंदर जोगी, पार्षद उत्तम साहू, संतोष बाघमार, प्रमोद देशपांडे, मूलचंद जैन, जल क्षत्री सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## चपरासी से लेकर चौकीदार तक नहीं शिकायत के बाद भी प्रशासन का ध्यान नहीं

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा आत्मानंद स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल इन दोनों मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यहां मूलभूत सुविधाओं की अभाव के चलते छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे तो यह शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, लेकिन स्कूल में जो सुविधा बच्चों को मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है। प्राचार्य नरेंद्र कुमार साहू ने कलेक्टर धर्मेश साहू को पत्र देकर मूलभूत सुविधाओं के लिए मांग की है, लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई है। कुछ दिन पहले ही शिक्षण सत्र 2024 की शुरुआत हुई है अब स्कूलों में धीरे–धीरे समस्या बढ़ती जा रही है। बिलाईगढ स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालय में करीब 1000 बच्चे अध्यनरत है, लेकिन बच्चों के अनुपात में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। प्राचार्य नरेंद्र साहू का कहना है कि यहां चौकीदार और चपरासी की समस्या, किचन शेड की समस्या, पानी की समस्या, प्रसाधन कक्ष की समस्या, बाउंड्री वॉल की समस्या, पार्किंग की समस्या समेत अन्य कई समस्याओं का अंबार है।

बीते दिन ही महिला स्व सहायता समूह के चावल की बोरी को भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले गया। किसके साथ ही बड़ी संख्या में स्कूल में कबाड़ का भी सामान रखा है, जिसकी वजह से भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाला विकास समिति गठन नहीं होने की वजह से इन सामानों को भी बिक्री करने में समस्या हो रही है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन सभी समस्याओं का समाधान करना अति आवश्यक है।




### चतुर्थ श्रेणी के पद खाली

जानकारी के अनुसार यहां हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारी चपरासी और चौकीदार के 10 पद है और पूरे खाली है, जिसकी वजह में स्कूल का ताला खोलना के साथ ही साथ साफ सफाई और अन्य कार्यों के लिए खुद प्राचार्य और शिक्षक शिक्षिकाओं को चपरासी का कार्य करना पड़ रहा है। साथ ही चौकीदार नहीं होने की वजह से इस स्कूल में बीते दिनों चोरी जैसे घटना भी हो चुकी है, जिसकी एफआईआर बिलाईगढ़ थाने में दर्ज है।



### मध्यान्ह भोजन बनाने में समस्या

इस स्कूल में तीन महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा बच्चों के लिए मध्यान भोजन बनाया जाता है, लेकिन किचन शेड नहीं होने की वजह से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस स्थान में खाना बनाया जाता है वहां से आग का धुवा क्लास रूम में सीधा जाता है जिससे पढ़ने में बच्चों को परेशानी होती है। साथ ही बच्चों को जमीन में बैठकर खिलाने में भी परेशानी हो रही है। क्लासरूम में ही महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा बर्तन एवं अन्य सामानों को रखा जा रहा है।

# यातायात पुलिस ने 18 स्कूल बसों की जांच की




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

यातायात पुलिस ने स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते हुए स्कूल बसों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। भूषण इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सिमगा परिसर में यातायात पुलिस बल सिमगा द्वारा निरीक्षक नरेश कांगे के साथ सउनि मनोहर राजपूत, प्र.आर. प्रदीप शुक्ला एवं यातायात पुलिस बल द्वारा सिमगा क्षेत्र अंतर्गत स्कूल बसों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 16 बिंदुओं में स्कूली बसों की चेकिंग की गई, जिसमें स्कूल बस के आगे एवं पीछे स्कूल बस लिखा है। स्कूल बस के खिड़की में जाली की व्यवस्था है। बस में फर्स्ट एड बॉक्स अग्निशमन यंत्र है। प्रशिक्षित परिचालक हैं। 5 वर्षों का अनुभवी लाइसेंस धारी चालक है।

बस में केवल विद्यार्थी अथवा शिक्षक स्टाफ को लाना–ले–जाना करते हैं। सीट के नीचे बस्ता रखने स्थान है, बस में स्पीड गवर्नर लगा है, आपातकालीन दरवाजा है, बस के प्रवेश द्वार में लॉकिंग सिस्टम है। स्कूल बस की खिड़कियों में रंगीन कांच लगाए हैं, स्कूल बस में प्रेशर हॉर्न लगाए हैं, आदि निर्देशों के तहत चेकिंग की गई। परीक्षण शिविर में निजी स्कूल के बसों का मैकेनिकल परीक्षण, बस में आवश्यक उपकरण जैसे सीसी टीव्ही कैमरा, फस्ट एड किट, फायर एक्शिग्युशर, वाहनों के फिटनेश परमिट, वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस आदि भी चेक किया गया। इस दौरान परीक्षण शिविर में सिमगा क्षेत्र अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों के 18 स्कूल बसों की चेकिंग की गई।

# ब्लाक के स्कूलों में शिक्षकों की कमी, पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी व विद्यालयों में बदहाल स्थिति से बच्चों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। भाटापारा नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई ठप है। भाटापारा विकास खण्ड के बढ़े ग्राम तरेगा के हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ग्रामीणों द्वारा लगातार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी तरह भाटापारा के शिवलाल महेता स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल में भी शिक्षकों की कमी से छात्र जुझ रहे हैं। शिक्षकों की कमी के कारण से एक शिक्षक अन्य विषयों को भी पढ़ा रहा है। वहीं स्कूलों में कमरों की कमी महसूस हो रही है। ऐसी दुर्दशा में शासकीय स्कूलों के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है, अगर प्रशासन विद्यालय की स्थिति व समस्या का निराकरण करें तो न जाने कितने सपने को जान मिल जाएगा। शिक्षा विभाग को इस समस्याओं पर चिंतन मनन करने की आवश्यकता है।




### 116 श्रद्धालुओं की मौत, सिंधी पंचायत ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** उत्तर प्रदेश के हाथरस क्षेत्र में सत्संग के दौरान हुई घटना में 116 लोगों की मृत्यु पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर ईश्वर से प्रार्थना की उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। यह जानकारी पंचायत के प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने देते हुए बताया कि श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी, मुरलीधर उदासी, महेश रोहरा, बलराम आहूजा, जीवत बजाज, प्रहलाद शादीजा, तनेश आहूजा, नथू धनवानी आदि उपस्थित थे।

# किसानों को कृषि विषय पर दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



संयुक्त जन जागरुकता अभियान, कृषक प्रशिक्षण संस्थान सह कैरियर मार्गदर्शन केन्द्र जागीर, विस्तार अधिकारी द्वारा कृषक जन हित में किसानों को जुलाई माह कृषि के लिए उपयुक्त बताते हुए समसामयिक सलाह दी।

उन्होंने बताया कि बुवाई के पूर्व बीज को फफूंद नाशक दवा से उपचारित करें, इसके बाद जैव उर्वरक जैसे पीएसस, राईजोबियम, एजोटोबियम, एजोटोबेक्टर से उपचारित कर बुवाई करें। नर्सरी तैयार होने के उपरांत, मिर्च, बैगन एवं फूल गोभी की रोपाई करें। अदरक, हल्दी, भिन्डी एवं बरबट्टी की निदाई गुड़ाई एवं पानी न गिरने पर सिंचाई की समुचित व्यवस्था करें। केले के पौधे की रोपाई का कार्य प्रारंभ करें, नये फल वृक्षों को लगावे, पशुओं को बारिश का जमा गंदा पानी पीने न दे। पशुओं को गीले एवं पानी भरें स्थानों पर न चराए, सोयाबीन में खरपतवार नियंत्रण हेतु निन्दनाशक दवाई का छिड़काव अनुशंसित मात्रा में करें। गन्ने की नये फसल में आवश्यकतानुसार निदाई गुड़ाई एवं मिट्टी चढ़ान, धान की रोपाई हमेशा कतार में करें, इससे पौध संख्या पर्याप्त रहती है तथा कृषि क्रियाओं को करने में सहायता मिलती है। पशुओं के वर्षा जनित लोगों से बचाव के उपाय न भूले।

# चाकू से किया हमला आरोपी युवक गिरफ्तार



**सिमगा।** शराब के लिए पैसा मांगते हुए हाथ मुक्का एवं चाकू से वारकर घायल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के खिलाफ धारा 296 ,351 (3) 115(2), 119(1), 126 (2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी संतोष निवासी ग्राम चंदेरी द्वारा थाना सिमगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बुधवार को वह श्याम स्पंज आयरन लिमिटेड बछेरा से ड्यूटी खत्म कर वापस अपने गांव चंदेरी दोस्त लोकेश पाल के साथ आ रहा था कि ग्राम चंदेरी के पास रात लगभग 10 बजे चंदेरी ओवर ब्रीज के नीचे दो लड़कों द्वारा रास्ता रोककर शराब पीने के लिए 500 रु मांगने लगे। नहीं देने पर दोनों लड़कों द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए, हाथ मुक्का एवं अपने पास रखे चाकू से हम दोनों पर हमला कर दिया। जिससे हम दोनों के शरीर में कई जगह पर चोंटे आई हैं। पुलिस ने अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लेकर आरोपी की तलाश कर आरोपी लेखराम 24 वर्ष निवासी ग्राम कचलोन थाना को पकड़ कर पुछताछ की। जिस पर आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# सुख शान्ति के लिए महिलाओं ने की शीतला माता की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

अंचल में गुरुवार को माता पहुंचनी पर माताएं अपने संतान के निरोग जीवन के लिए शितला मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। गौरतलब है कि आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी मां जगजननी का वार होता है। इस कारण माता पहुंचनी जुड़वास पलारी नगर में गुरुवार को रखा गया था, जहां बैगा बाबा द्वारा नगर के सुख शान्ति समृद्धि के लिए मां शीतला की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके बाद सभी भक्तों में नीम के पत्ते से छीटा मारा गया। माना जाता है कि वर्षा ऋतु के आगमन होते ही अनेक प्रकार के कीट पतंग, विषैले जीव जंतु का खतरा अत्यधिक होता है, जिसके निदान के लिए सुख शान्ति और आरोग्यता की प्राप्ति के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। माता पहुंचनी पर बड़ी संख्या में माताएं हांथों में पूजा की थाल लेकर शितला मंदिर पहुंचकर मां शीतला की पूजा अर्चना की। वहीं सेवा गीतों के साथ शाम तक भक्तों को तांता लगा रहा।




# सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई का गठन कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार का निर्वाचन मनोनयन को लेकर आवश्यक बैठक 6 जुलाई को गोंडवाना भवन बलौदाबाजार में दोपहर 12 बजे से रखी गई है। इसमें जिला बलौदाबाजार अंतर्गत ब्लॉक सिमगा, कसडोल, बलौदाबाजार, पलारी, भाटापारा बिलाईगढ़ के समस्त 42 जनजाति अंतर्गत सर्व आदिवासी समाज के मातृ शक्ति, पृत शक्ति, युवा शक्ति, अधिकारी, कर्मचारी, समस्त महासभा के पदाधिकारी, चक प्रमुख, सगा समाज, आप समाज को संगठित एवं एकता बनाय रखने हेतु सर्व आदिवासी समाज गठन के लिए आमंत्रित किया गया है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी ने बताया कि इसमें प्रमुख समाज–गोंड़, कंवर, बिंझवार,कमलवंशी कंवर सोनझरी, खैरवार, भैना, सबरिया, मांझी, पारधी, संवरा, उरांव, धनवार, कड़रा, अमात गोंड़, कोंध, राज गोंड़, मांवली महासभा, लवन महासभा, गोंड़ खपरी चकपदाधिकारी, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ सहित 42 जनजाति आदिवासी समाज जिला बलौदाबाजार को आमंत्रित किया गया है।

## पेज 11 के शेष

### बेकाबू रफ्तार से

युवाओं की ग़लती उनके मौत का कारण बन जाती है। प्रशासन को वाहनों के कानूनों का शक्ति के साथ पालन करवाना आवश्यक हो गया है व तेज रफ्तार वाहन चालकों पर उचित न्यायीक कार्रवाई का निर्देश दिया जाना चाहिए।

### सरकार दोषियों को

निर्दोष लोगों पर कार्रवाई करके दोषियों को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, यह जानबूझकर किया गया षड्यंत्र है। ऐसा क्यों होता है कि घटना में कुछ ही फाइल है जलती है। बाहर के पोर्सन में आग नहीं लगती। इस मामले में उलझाकर प्रदेश में गंभीर जो मामले चल रहे हैं, उनमें पर्दा हटाने का जो इंतजाम चल रहा है, वह नहीं चलेगा। इस बात का जवाब देना पड़ेगा।

**जल्द करेंगे छत्तीसगढ़ में बड़ा आंदोलन : चंद्रशेखर:** नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मुझे 10 दिनों का समय दे दीजिए। मैं दिल्ली जाकर देश के गृह मंत्री से चर्चा करूंगा और निर्दोषों पर हुई कार्रवाई को लेकर उनकी रिहाई की मांग करूंगा।

अगर सरकार निर्दोषों को रिहा नहीं करेगी तो इसी माह छत्तीसगढ़ में भीम आर्मी बड़ा आंदोलन करेगा। भीम आर्मी चीफ ने आगे कहा कि मैं स्वयं ही गांव-गांव जाकर प्रचार करूंगा। मेरे एक आवाज में यहां तीन से पांच हजार लोग उपस्थित हुए हैं, तो सरकार समझ ले कि मैं इसका छत्तीसगढ़ में रहकर प्रचार करूंगा तो कितने लोग छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ होकर आंदोलन करेंगे।

**जांच से पहले ही समाज के लोगों पर की जा रही हिंसा:** सांसद ने कहा कि जांच के लिए न्यायिक कमेटी बनाई गई है, उसने 3 माह का समय मांगा है। उससे पहले ही सतनामी समाज के लोगों पर हिंसा की जा रही है। उन्हें पकड़ा जा रहा है, पीटा जा रहा है। उनकी खाल उतारी जा रही है, उन्हें जेल भेजा जा रहा है। ऐसा लगता है कि समाज से कोई पुरानी रंजिश हो ऐसा दिख रहा है। चंद्रशेखर ने कहा कि, बलौदाबाजार में हुई हिंसा की घटना सोची–समझी साजिश है। लगातार समाज के युवाओं को टारगेट किया जा रहा है। जो समाज के लिए काम कर रहे हैं, उन्हें ही जेल में बंद किया जा रहा है। यह पुलिस और प्रशासन का फेलियर है। जिन फाइलों में आग लगी वह किनकी है, किसे बचाया जा रहा है। यह बात हम नहीं समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, मनखे–मनखे एक समान का नारा देने वाले गुरु घासीदास ने कभी हिंसा का रास्ता नहीं दिया है। सतनामी समाज के लोगों को हिंसक साबित करने के लिए जो सरकार लगी हुई है। एडमिनिस्ट्रेशन और पुलिस लगी हुई है यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।

### 30 पौवा शराब ...

देसी मसाला शराब जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34, 2 आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा है।

### तंबाकू नियंत्रण पर हुई कार्यशाला

**रायपुर।** तंबाकू नियंत्रण की दिशा में और अधिक प्रयास एवं आने वाली पीढ़ी को इसके हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा ब्लूमबर्ग परियोजना छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन एवं संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार शासन के प्रमुख विभागों के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आबकारी विभाग, श्रम विभाग एवं परिवहन विभाग के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित हुए। पैकेट में चेतावनी प्रदर्शित होने के बावजूद भी लोगों द्वारा तम्बाकू का उपयोग किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। कार्यशाला में तम्बाकू उत्पादों के कारण स्वास्थ्य, पर्यावरण एवम आर्थिक स्थिति में पड़ने वाले भार से अवगत कराया गया।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 89595-44444

# लूटपाट के आरोपियों को पकड़ने वाले पांच युवक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

चाकू (खुखरी) दिखाकर लूटपाट करने वाले खतरनाक एवं कुख्यात गिरोह के सदस्यों को पकड़ने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 5 व्यक्तियों को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। उनके इस साहस भरे एवं बहादुरी पूर्वक कार्य की प्रशंसा करते हुए 3 जुलाई को सायं 6 बजे पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में विजय अग्रवाल पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें ऋषिकेश कन्नौजे, इन्द्र कुमार कोसले, योगेश कुमार धृतलहरे, मोहन कुमार धृतलहरे, राजेश कुमार जांगड़े शामिल हैं। आरोपी जिस चारपहिया वाहन में सवार थे, वह वाहन भी आरोपियों द्वारा रायपुर में लूटा गया था।

प्रार्थी इंद्र कुमार निवासी ग्राम लरिया द्वार थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 जून को वह अपनी बाइक से गांव वापस आ रहा था, कि इसी बीच रात करीबन 10 बजे ग्राम कोदवा, पलारी रोड के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जबरन रोक लिया एवं गाली गलौज कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। इस दौरान एक आरोपी द्वारा चाकू (खुखरी) को निकाल कर मेरे गर्दन पर टिकाकर धमकाने लगा। इसके बाद तीनों आरोपी अपने वाहन पिकअप क्र. सीजी 04 एलएफ 3060 में बैठकर पलारी की ओर भाग गए। पलारी पुलिस ने धारा 327, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। तत्पश्चात प्रार्थी इंद्र कुमार द्वारा घटना की सूचना पलारी नगर स्थित अपने पेट्रोल पंप संचालक एवं सहकर्मियों को दी।

सूचना इन लोगों द्वारा तत्काल थाना पलारी पुलिस टीम से संपर्क करते हुए आरोपियों पकड़ने की योजना बनाई, जिसके लिए इन लोगों द्वारा साईं मंदिर चौक में वाहन की पहचान करते हुए उसे रोकने का प्रयास किया गया।

### पंडरी थाना क्षेत्र में भी घटना को दिये थे अंजाम

आरोपी पतासाजी में यह भी पता चला कि आरोपियों द्वारा 27 जून को थाना पंडरी क्षेत्र में मारपीट, हाथापाई कर जबरदस्ती स्कूटी क्र. सीजी 04 एचडब्लू 3902 को लेकर भागने, थाना खरोरा क्षेत्र में एक पीड़ित से अश्लील गाली गुप्तार कर किसी ठोस वस्तु से पीड़ित को पेट एवं सीना में मारपीट करने तथा थाना राखी 3 जिला रायपुर क्षेत्र अंतर्गत चाकू से वारकर एक पिक–अप वाहन को लूटने की भी घटना को अंजाम दिया गया है, जिस पर संबंधित थानों में भी आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### कुख्यात गिरोह में गिने जाते हैं पकड़े गए रायपुर के सभी आरोपी



**इनको मिली सफलता :** साथ ही संचालक ऋषिकेश कन्नौजे द्वारा अपने वाहन से पलारी से कोदवा की ओर जाकर वाहन को रोकने का प्रयास किया जा रहा था, कि इसी बीच आरोपी तेज रफ्तार से ग्राम कोदवा से पलारी की तरफ आये। तब पेट्रोल पंप संचालक द्वारा अपने साथी सहकर्मियों के साथ आरोपियों के वाहन के सामने अपनी गाड़ी अडाते हुए आरोपियों को पकड़ा गया। इसके बाद इन लोगों द्वारा थाना पलारी से निरीक्षक शशांक सिंह, उपनिरीक्षक हृदयलाल बंजारे प्रआर लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आरक्षक राम मोहन राय, आरक्षक संजय गुप्ता के साथ घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पताशाजी के लिए पलारी नगर का निरीक्षण किया गया। जिसमें दो अन्य आरोपियों को भी टीम ने पकड़ा। इस घटना को अंजाम देने में 23 वर्षीय विकास और 22 वर्षीय सुमित निवासी वार्ड 9 शक्ति नगर रायपुर, 26 वर्षीय छोटू निवासी पंडरी जगन्नाथ नगर रायपुर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

## खबर संक्षेप

### सुअर के हमले से एक की मौत, दूसरा घायल

**भाटापारा।** ग्रामीण थाना से मिली जानकारी अनुसार ग्राम खपराडिह के पास बाइक सवार दो व्यक्ति बलौदाबाजार-भाटापारा मार्ग से जा रहे थे, तभी खपराडिह के पास जंगली सुअर के हमले से बाइक चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम सलौनी निवासी विश्राम अपने रिश्तेदार के साथ भाटापारा की ओर आ रहा था। वहीं बलौदाबाजार-भाटापारा मुख्य मार्ग पर जंगली सुअर ने बाइक सवार पर हमला कर दिया, जिससे विश्राम की मृत्यु हो गई वहीं साथी घायल हो गया। ग्रामीण थाना पुलिस ने प्राथमिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।

### फांसी लगाकर दे दी जान

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में नाबालिग युवती ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 3 जुलाई को सुबह करीब 6 बजे दामिनी खड़िया (16) निवासी बरबसपुर ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना जेठूराम खड़िया ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### महिला से गाली गलौज एवं जिंदा जला देने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ऑनलाइन सट्टा के पैसों की बात को लेकर एक महिला से गाली गलौज और जिंदा जला देने की धमकी की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। वार्ड नंबर 7 नयापारा महासमुंद निवासी हीरा ध्रुव ने पुलिस को बताया कि वह किराना दुकान चलाती है। 20 मई को वह अपने घर में थी, रात करीब 11 बजे रघुवीर सिंह चांवला उर्फ मन्नू चांवला निवासी स्टेशन रोड घर के सामने आकर ऑनलाइन व्हाट्सअप के माध्यम से सट्टा चालू करो और सट्टा के पैसे 3,00,000 रुपए का हिसाब दो कहा।

## आक्रोश : राष्ट्रपति के नाम सदस्यता रद्द करने सौंपा ज्ञापन

# बजरंग दल ने राहुल गांधी की निकाली शवयात्रा, फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं सर्व हिन्दू समाज ने राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं के विरुद्ध दिए बयान के विरोध में राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा एवं आक्रोश रैली निकाल कर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। ज्ञापन के माध्यम से विहिप ने मांग करते हुए कहा की धार्मिक भावनाओं को आहत करने एवं हिंदुओं को अपमानित करने पर सांसद राहुल गांधी पर दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिये। ज्ञात हो कि 1 जुलाई को संसद की कार्यवाही के दौरान रायबरेली से कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा कह कर संबोधित किया गया एवं बाद में विरोध को देखते हुए अपने शब्दों को बदलकर आरएसएस और बीजेपी के हिन्दू कर दिया गया, लेकिन राहुल गांधी के पूर्व बयानों को देखते हुए यह कहा और समझा जाए कि बार-बार जानबूझकर राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को टारगेट करके नीचा दिखाने और अपमानित करने का समाजों के बीच वैमनस्य उत्पन्न करने का कार्य विभिन्न सभाओं, मंचों, कार्यक्रमों और सदन में राहुल गांधी उनकी पार्टी के सदस्यों कार्यकर्ताओं एवं उनके सहयोगियों द्वारा समय-समय पर लगातार किया जा रहा है। जिससे राहुल गांधी उनकी पार्टी कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दलों की हिन्दू विरोधी एवं सनातन धर्म से नफरत घृणा साफ झलकती है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान निंदनीय एवं साम्प्रदायिक होने के कारण उन्हें संसदीय कार्यवाही से हटा दिया गया।

प्रदर्शनकारियों में जिला संगठन मंत्री चंद्रेश, जिला मंत्री राजेश केशरवानी, जिला संयोजक रवि वर्मा, कोषाध्यक्ष शिवप्रकाश तिवारी, सेवा प्रमुख लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, सह समरसता प्रमुख अमित केशरवानी, साप्ताहिक मिलन राजेश साहू, धर्माचार्य पंकज शुक्ला, सह संयोजक विजय साहू, दीपक साहू, सह मंत्री नितेश वर्मा, नगर अध्यक्ष महेश ठाकुर, भाजयुमो नगर अध्यक्ष वासुदेव ठाकुर, विनय फेंकर, दुलेश साहू, खिलावन पटेल, भोला अवस्थी, थानेश्वर त्रिवेदी, दिनेश यादव, रवि यादव, भूपेंद्र यादव, मुकेश वर्मा, खुशी वर्मा, पीताम्बर वर्मा, द्वारिका साहू, गौरीशंकर वर्मा, नीलकण्ठ साहू, युगलकिशोर यादव, उदित भरद्वाज, केवल साहू, राहुल सिंघम, लोकनाथ यादव, उमेश धीवर, कौशल वर्मा, पीताम्बर निर्मलकर आदि विहिप बजरंगदल कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों की संख्या में हिन्दू समाज के लोग सम्मिलित हुए।

### एकता, अखंडता एवं सर्व धर्म समभाव की भावना को गहरी चोट



लेकिन राहुल गांधी के बयान से हिन्दू समाज को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की जो साजिश हो रही है, उसे हिन्दू समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उनके इस बयान से देश में अराजकता साम्प्रदायिक हिंसा और नफरत का माहौल उत्पन्न हुआ जो कि देश की एकता, अखंडता एवं सर्व धर्म समभाव की भावना को गहरी चोट पहुंचाता है।राहुल गांधी की देश विरोधी, सनातन विरोधी हिन्दू विरोधी बयानों एवं गतिविधियों को देखते हुए उनकी सांसद सदस्यता रद्द करने के साथ देश का माहौल खराब करने के फलस्वरूप देशद्रोह की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोरतम कार्यवाही की जानी चाहिए, जिससे की देशविरोधी षड्यंत्र करने वालों को बेनकाब कर देश की एवं आवाम की रक्षा की जा सके। विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने 10 जून को बलौदाबाजार में हुई घटना का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा की उनके द्वारा चुनाव परिणाम आने के बाद देश में आग लगेगी वाला बयान दिया था।

# सरधाभाठा-बालपुर मार्ग गड्ढों में हुआ तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते अंचल की सभी प्रमुख सड़कें खराब और जर्जर हो गई है। पेंड्रावन–सरधाभाठा–बालपुर मार्ग, सरसीवा मुख्य मार्ग और सरसीवां से सरायपाली मार्ग अत्यंत दयनीय स्थिति में है। यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग पर बड़े- बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं, जहां डामर का नामोनिशान भी मिट गया है। इससे आवागमन बाधित हो रहा है। लोग इस मार्ग पर चलने से डर रहे हैं। अंचल के लोग गर्मी में इस मार्ग से धूल से परेशान रहे, अब बारिश में कीचड़ और दलदल से परेशान हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा गर्मियों में यदि मरम्मत कराई जाती तो यह हाल नहीं होता। लोगों का कहना है कि बरसात के समय सड़कों पर जमा पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं किए जाने से भी सड़क खराब हुई है। लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।

- लोक निर्माण विभाग की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे अंचल के राहगीर

### ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मरम्मत की मांग की

इस मार्ग से त्रस्त हो चुके सरसीवा, मुड़पार, बिलासपुर, टाटा, मनपासार, गाताडीह, नारबंद, लंबर, बालपुर और सरधाभाठा के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की है तथा बारिश के बाद उक्त तीनों मार्ग के उन्नयन की मांग की है। बालपुर और सरधाभाठा के ग्रामीणों ने बताया की पूर्व में हमारे गांव सरधाभाठा और बालपुर सड़क मार्ग को विभाग से डामरीकरण करने की स्वीकृति मिली थी, लेकिन किसी कारण से यह मार्ग नहीं बन पाया। इधर सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक चंद्रदेव राय ने इस मार्ग को चौड़ीकरण कराना चाहते थे, लेकिन विभाग से केवल सिंगल मार्ग की स्वीकृति मिली थी, इस कारण मार्ग नहीं बन पाया था। अभी हाल ही में पूर्व विधायक राय ने सड़क को जल्द सुधारने कलेक्टर सारंगढ़ को पत्रचार किया हैं। जल्द नहीं सुधरने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# कर्मा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, भवन लोकार्पण एवं सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

बुड़ेरा धरसीवा विधानसभा अंतर्गत साहू समाज परिक्षेत्र बुड़ेरा के छात्रवास परिसर में नवनिर्मित कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, भवन लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें मां कर्मा की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन पूजन के साथ की गई। यह भवन पन्द्रह लाख में नवनिर्मित किया गया है। वहीं 43 प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी रजत पदक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया, जिसमें ज्यादातर बेटियों ने बाजी मारी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित अनुज शर्मा विधायक धरसीवा थे। अध्यक्षता देवनाथ साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज रायपुर ने की। विशिष्ट अतिथि में देवजी भाई पटेल पूर्व विधायक धरसीवां, वेदराम मनहरे प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा भाजपा, टिकेश्वर मनहरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, पोषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ तिल्दा आदि शामिल हुए।



# बाइक चोरी का आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



पुलिस ने बाइक की चोरी करने वाला युवक ग्राम रामपुर चौकी करहीबाजार निवासी लीलेश्वर को गुरुवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा है। आरोपी ने लटुवा रोड बलौदाबाजार से बाइक चुराकर ग्राम रामपुर स्थित अपने घर में छिपाकर रखा था।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी 28 जून को शाम करीबन 5 बजे बाइक क्र. सीजी 22 एस 5171 को अपने टेंट हाउस दुकान के सामने लटुवा रोड बलौदाबाजार में खड़ी किया था। करीबन 5.10 बजे अपने टेंट हाउस के सामने पहुंचकर देखा तो गाड़ी वहां पर नहीं थी। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली ने धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान चोरी गई मोटर साइकिल एवं अज्ञात आरोपी का पतासाजी करने पर पता चला कि ग्राम रामपुर का एक व्यक्ति बाइक अपने घर में छिपा कर रखा है। सूचना पर ग्राम रामपुर आकर आरोपी लीलेश्वर से पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर अपने घर में छिपाकर रखना बताया गया। आरोपी से चोरी की मोटर सायकिल बरामद की गई है।

### हादसे में युवक की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 8 अप्रैल 2024 को रोहन चौहान पिता राधेश्याम (25) निवासी ग्राम जम्हारी सड़क हादसे में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए ओम अस्पताल रायपुर ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।






## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भाटापारा के आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार में खबरों एवं विज्ञापन प्राप्त करने के लिये निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि अभिकर्ता - अभिषेक मिश्रा
श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, शीतला मंदिर के पास भाटापारा
मो. 626446 3895, 90900 90107

# जन जागरण मिशन समिति ने लोगों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां




ग्राम पंचायत टाटा बिलासपुर सरसीवां के जन जागरण मिशन समिति ने पौधा रोपण के लिए जागरूकता अभियान चला कर रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया, जिससे टाटा बिलासपुर के 107 लोगों ने अपने-अपने जिम्मेदारी व देख रेख से दो-दो पौधा लगाने का संकल्प लिया। वहीं समिति के सदस्यों ने सभी लोगों के लिए निःशुल्क पौधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली। यह समिति हर साल अपने ग्राम स्तर में पौधा रोपण का कार्य करती है और आए दिन लोगों को जागरूक करने व समाज सेवा कार्य के लिए अपना योगदान भी देती है।

पौधा रोपण जागरूकता अभियान रैली में स्लोगन, नारा व गीत के माध्यम से जागरुक किया गया और पेड़ लगाने के महत्त्व को बताया गया। रैली में मुख्य रूप से धनेश्वर साहू, राकेश डहरिया, प्रदीप दास मानिकपुरी, हितेश चौहान, राजेंद्र सोनवानी, शंभू दास मानिकपुरी, अमोल सोनवानी, देवेंद्र सिंह महिलाने, सूरज निराला, राकेश बंजारे, शैलेश खटकर, जैन प्रेमी, रोहित यादव उपस्थित रहे।